चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT

पत्रांक : सामान्य–08/5723
दिनांक : 12-01-2024

कार्यालय ज्ञाप

श्री दुर्गा शंकर मिश्र, मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग– 1, उत्तर प्रदेश शासन,लखनऊ के पत्र संख्या : 30/आठ–1–24–30/2024, दिनांक 10 जनवरी, 2024 के द्वारा अयोध्या में दिनांक 22.01.2024 को प्रस्तावित कार्यक्रम के सम्बन्ध में प्राप्त मुख्य दिशा निर्देशों के अनुसार (1) बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च विभाग द्वारा 22 जनवरी 2024 को सभी स्कूलों/कॉलेजों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने, (2) सभी सरकारी इमारतों को सजाये जाने, (3) सभी कार्यालयों में 14 से 21 जनवरी के मध्य विशेष सफाई अभियान चालाये जाने एवं (4) सभी कार्यालयों में 22 से 26 जनवरी तक विशेष प्रकाश की व्यवस्था किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

उक्त के तत्क्रम में माननीय कुलपति महोदया के आदेशानुसार विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों को सजाये जाने, विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में 14 से 21 जनवरी के मध्य विशेष सफाई अभियान चालाये जाने, विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में 22 से 26 जनवरी तक विशेष प्रकाश की व्यवस्था किये जाने के आदेश प्रदान किये गये एवं विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में 22 जनवरी 2024 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

12-01-2024
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त नियंत्रक महोदय के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक महोदय के सूचनार्थ।
05. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/विभागाधिकारी/समन्वयक/निदेशक/अनुभागाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
06. समस्त उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव को सूचनार्थ।
07. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
08. विश्वविद्यालय अभियन्ता (सिविल/विद्युत) को इस आशय के साथ कि उपरोक्त के आलोक में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
09. स्वच्छता प्रभारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ कि उपरोक्त के आलोक में आवश्यक कार्यवही करना सुनिश्चित करें।

12.01.24
प्रभारी (प्रशा0)